Regarding Need to undertake repair of the old and dilapidated bridge on Girna River in Jalgaon Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्रीमती स्मिता उदय वा घ (जलगा ं व) : जलगाँव लोकसभा क्षेत्र के एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसंरचना मुद्दे की ओर सदन का गम्भीर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ । गिरणा नदी पर स्थित पुल, जिसका निर्माण वर्ष 1972 में हुआ था, पिछले पचास वर्षों से अधिक समय से हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा के रूप में सेवा दे रहा है । आज यह पुल स्पष्ट रूप से जर्जरता और संरचनात्मक थकावट के चिन्ह दिखा रहा है, जिसके कारण इसका त्वरित निरीक्षण, सुदृढ़ीकरण और समग्र मरम्मत अत्यंत अनिवार्य हो गया है । प्रतिदिन लाखों नागरिक परिवहन कार्य हेतु इसी पुल पर निर्भर करते हैं । यदि इस पुल में कोई भी बाधा आती है, तो पूरे क्षेत्र की आवाजाही, व्यापार गतिविधियाँ गंभीर रूप से प्रभावित होंगी । बीते वर्षों में बढ़ी हुई जनसंख्या, औद्योगिक वृद्धि और यातायात दबाव के कारण यह एकल पुल अब बिल्कुल अपर्याप्त हो चुका है, निरंतर जाम, विलंब और दुर्घटना का जोखिम बढ़ रहा है । प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश की अवसंरचना में अभूतपूर्व विकास हुआ है । इसी वि का स-गति से प्रेरित होकर मैं विनम्रतापूर्वक आग्रह करती हूँ कि जलगाँव की इस दीर्घकालिक माँग को प्राथमिकता पर पूरा किया जाएपुराने पुल की त्वरित मरम्मत और इसके समानांतर एक नए बड़े पुल का त्वरित अनुमोदन अविलंब दिया जाए ।